Title: Need for early construction of officer building of post master general at Ajmer, Rajasthan − Laid.

प्रो. रासासिंह रावत (अजमेर): अजमेर राजस्थान के केन्द्र में स्थित है। यहां पर लगभग 6 वर्ा पूर्व राजस्थान के पूर्वी क्षेत्र का पी0एम0जी0 (महाडाकपाल) कार्यालय जयपुर से अजमेर स्थानांतरित कर स्थापित किया गया। इसके अन्तर्गत राजस्थान के मध्य तथा पूर्वी क्षेत्र के 10 जिले नियंत्रणाधीन है। अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की सुप्रसिद्ध दरगाह शरीफ तथा निकट ही महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल पुकर भी स्थित है। पास में ही नसीराबाद की सुप्रसिद्ध सैनिक छावनी है। ऐसे महत्वपूर्ण स्थल होने तथा केन्द्रीय स्थिति होने के कारण यहां डाक का आदान प्रदान बहुलता से होता है।

महाडाकपाल कार्यालय प्रारंभ में स्थानीय सीनियर सुपरिटेंटेंट ऑफ पोस्ट ऑफिसेज में प्रारंभ किया गया वहां निदेशक डाकघर का कार्यालय भी संचालित है। परिणामस्वरूप इतने बड़े कार्यालय के लिये यह स्थान अपर्याप्त था। सभी आवश्यक सुविधाएं एवं शाखाओं-प्रशाखाओं तथा कार्यालयों के अनुभागों हेतु एक बड़े भवन की आवश्यकता लम्बे समय से अनुभव की जा रही है। नये विशाल भवन के निर्माण हेतु जमीन भी अधिग्रहित कर ली गई परन्तु अभी तक भी भवन का निर्माण नहीं हो पाया है जिससे इस पूर्वी क्षेत्र के महत्वपूर्ण कार्यालय संचालन में कई कठिनाईयां उपस्थित हो रही हैं।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि इस कार्यालय हेतु विशाल सक्षम भवन का निर्माण अविलंब करवाया जाये।